प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनाँक- 09.06.2025

- **अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदक के मोबाइल में स्क्रीन शेयर ऐप डाउनलोड करवा कर धोखाधडी से आवेदक के खाते से कुल 1,40,998 रूपये कट गये थे।**
- **शिकायतकर्ता द्वारा 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करायी थी।**
- **थाना राजपुर पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में कुल धनराशि ₹ 1,34,098/- को वापस कराया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री हरीशचन्दर के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्री आशीष अवस्थी पुत्र श्री अखिलेश अवस्थी निवासी कन्हैया नगर कस्बा व थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात के साथ दिनांक 30.01.2023 को फ्राड व्यक्ति द्वारा कॉल करके फ्रॉड तरीके से 1,40,998 /-रूपये की साइबर ठगी की गयी। जिसके सम्बन्ध में आवेदक आशीष अवस्थी उपरोक्त ने दिनांक 31.01.2023 को साइबर हेल्पलाइन नं0 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराई थी । साइबर सेल थाना राजपुर पुलिस द्वारा उपरोक्त शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर अपराधी के बैंक अकाउंट को फ्रीज कराया गया था एवं दिनांक 08.06.2025 को शिकायतकर्ता के बैंक खाते में कुल धनराशि 1,34,098/- रुपये वापस कराये गये। थाना राजपुर पुलिस की त्वरित कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात पुलिस का धन्यवाद दिया।

खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे।

वापस करायी गयी धनराशि-

₹ 1,34,098/-

धनराशि वापस कराने वाली राजपुर पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष श्री कालीचरन
2. का0 636 शिवप्रकाश पाल